समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एस. जयशंकर ने दिया पीएम मोदी का संदेश, पढ़कर पाकिस्तान को लगेगी मिर्ची!

Publisher Published on 15 Jul 2025



**बीजिंग मे SCO बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शी जिनपिंग को पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू की शुभकामनाएं दीं, द्विपक्षीय रिश्तों पर भी हुई अहम चर्चा।**

**बीजिंग मे हुंई अहम मुलाकात**

**SCO बैठक :** विदेश मंत्री **डॉ. एस. जयशंकर** ने सोमवार को चीन के **राष्ट्रपति शी जिनपिंग** से मुलाकात की। यह मुलाकात **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** की बैठक के दौरान बीजिंग में हुई। इस दौरान उन्होंने भारत के **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** और **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** की ओर से शुभकामनाएं और संदेश सौंपा।

जयशंकर ने इस मुलाकात की जानकारी **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X** (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए लिखा:
"आज सुबह बीजिंग में SCO विदेश मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी का अभिवादन उन्हें पहुंचाया।"

**भारत-चीन रिश्तों मे आंई गति**

इस मुलाकात के दौरान विदेश मंत्री **जयशंकर** ने **भारत-चीन** द्विपक्षीय संबंधों में हालिया **विकास, आपसी सहयोग** और **क्षेत्रीय स्थिरता** जैसे मुद्दों पर **राष्ट्रपति जिनपिंग** से चर्चा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत नेतृत्व स्तर पर संवाद को बहुत महत्वपूर्ण मानता है।

सूत्रों के अनुसार, यह बातचीत काफी सौहार्दपूर्ण रही और इसमें सीमाई तनाव को पीछे छोड़कर भविष्य की साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### SCO मंच पर भारत की अहम भागीदारी

भारत और चीन के बीच बीते वर्षों में **सीमा विवाद, LAC पर गतिरोध** और **आर्थिक तनाव** बने रहे हैं। ऐसे में यह मुलाकात **SCO** जैसे बहुपक्षीय मंच पर एक सकारात्मक संकेत के तौर पर देखी जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की मुलाकातें ना सिर्फ भारत-चीन रिश्तों को नया आयाम देती हैं बल्कि पाकिस्तान जैसे देशों के लिए भी एक कड़ा संदेश होती हैं, जो **भारत-चीन** तनाव से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.